C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:14 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:42 बजे

सांध्य दैनिक

उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 139 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 23 नवंबर 2026

कैमरों से बचते दिखे सैयारा स्टार्स...पेज-3 पर

News कॉर्नर

उर्मिला सनावर ने की स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से मुलाकात उठाया अंकिता प्रकरण का मुद्दा

हरिद्वार। अभिनेत्री उर्मिला सनावर ने हरिद्वार पहुंचकर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज से मुलाकात की। कनखल स्थित मठ में उन्होंने अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में न्याय की मांग उठाते हुए अपनी आपबीती भी सुनाई। उर्मिला सनावर ने आरोप लगाया कि अंकिता को न्याय दिलाने के लिए आवाज उठाने की उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ी। उन्हें मानसिक और सामाजिक प्रताड़ना झेलने के साथ जेल भी जाना पड़ा। वहीं, शंकराचार्य ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अंकिता और उसके माता-पिता को न्याय नहीं मिलना सरकार की विफलता है। उन्होंने मामले में कथित तौर पर सामने आए प्रभावशाली व्यक्ति को सांविधानिक पद दिए जाने पर भी सवाल उठाए। कहा कि इससे प्रदेश की जनता की भावनाएं आहत हुई हैं। इस मुद्दे पर लोगों में गहरा आक्रोश है और सरकार को इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा।

निजी व्हाट्सऐप चैट सार्वजनिक करने पर विनोद आर्य और वकील के खिलाफ तहरीर

हरिद्वार। अंकिता भंडारी के माता-पिता ने देर शाम रायपुर थाने पहुंचकर पूर्व भाजपा नेता विनोद आर्य और उनके वकील अनुज पुंडीर के खिलाफ लिखित तहरीर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि 15 नवंबर को हरिद्वार प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनकी दिवंगत बेटी की निजी व्हाट्सऐप चैट सार्वजनिक कर उसे तोड़-मरोड़कर पेश किया गया। अंकिता के पिता वीरेंद्र सिंह भंडारी और मां सोनी देवी समाजसेवी योगिता भयाना के साथ थाने पहुंचे। तहरीर में आरोप लगाया गया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बेटी की निजी जिंदगी को सार्वजनिक कर उसे बदनाम किया गया। उन्होंने मामले में कार्रवाई की मांग की। थाने के बाहर सोनी देवी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जिस बेटी को न्याय मिलना चाहिए, उसकी निजी चैट सार्वजनिक कर माता-पिता को ही कटघरे में खड़ा किया जा रहा है।

उत्तराखंड में बारिश की बेरुखी, 28 तक ऐसा रहेगा मौसम

देहरादून | हमारे संवाददाता



प्रदेशभर में 28 नवंबर तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। इस दौरान बारिश की संभावना नहीं है। मौसम शुष्क रहने की वजह से दिन के तापमान में खास गिरावट के आसार नहीं हैं। बारिश नहीं होने से नवंबर में भी मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आमतौर पर इस महीने ठंड का असर बढ़ने लगता है, लेकिन इस बार दिन में गर्मी का अहसास हो रहा है। सुबह और शाम के समय ही ठंड महसूस की जा रही है। खासकर मैदानी इलाकों में चटक धूप खिलने से तापमान भी सामान्य से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। मौसम में आए इस बदलाव के पीछे बारिश की बेरुखी को प्रमुख वजह माना जा रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेशभर में 28 नवंबर तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। इस दौरान बारिश की संभावना नहीं है। मौसम शुष्क रहने की वजह से दिन के तापमान में खास गिरावट के आसार नहीं हैं। नवंबर के अंतिम सप्ताह में भी दिन के समय गर्मी का अहसास होने से लोग सर्दियों की पूरी दस्तक का इंतजार कर रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 23 नवंबर को प्रदेश के पर्वतीय इलाकों के कुछ हिस्सों में हल्का कोहरा छाए रहने की संभावना है। जबकि मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा। इसके बाद 24 से 28 नवंबर तक प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो रविवार को दून का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री इजाफे के साथ 27.2 डिग्री रहा।

दिल्ली में बढ़ने वाली है ठंड, कोहरा भी करेगा परेशान

नई दिल्ली। राजधानी में मंगलवार को रात का तापमान दस डिग्री सेल्सियस तक घटने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार उत्तर भारत में एक वेस्टर्न के असर से ठंडी तेज हवाएं चलने और सुबह-रात के तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी आने की संभावना जताई गई है। दूसरी ओर, रविवार सुबह हल्का कुहासा छाया रहा। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार रविवार को न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में तापमान में .4 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई।

भारत नेपाल का सबसे बड़ा व्यापारिक और निवेश साझेदार

दौरा: बालेन शाह ने की राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित

नई दिल्ली | एजेंसी



नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह दो दिवसीय भारत दौरे पर हैं। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में उनका औपचारिक स्वागत किया। इस यात्रा को भारत-नेपाल संबंधों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा होगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों और भारत-नेपाल सहयोग को लेकर चर्चा हुई। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा के दूसरे दिन राजघाट पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की और फिर विजिटर्स डायरी में हस्ताक्षर किए। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह औपचारिक स्वागत के बाद राष्ट्रपति भवन से रवाना हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें विदा किया। साल 2015 में आए विनाशकारी गोरखा भूकंप के बाद भारत ने नेपाल के पुनर्निर्माण में मदद की थी। इसके तहत 50 हजार घरों, 71 शैक्षणिक परियोजनाओं और 128 स्वास्थ्य केंद्रों के पुनर्निर्माण में सहयोग दिया गया। इस साल अगस्त में आई बाढ़ के बाद भी भारत ने नेपाल को मानवीय सहायता और राहत सामग्री उपलब्ध कराई। इसमें 140 टन आपातकालीन सामान शामिल था।

भारत और नेपाल के बीच खुली सीमा, साझा परंपराओं और लोगों के आपसी संपर्क पर आधारित विशेष संबंध हैं। दोनों देशों के बीच अलग-अलग क्षेत्रों में सहयोग के लिए 40 से अधिक संस्थागत व्यवस्थाएं हैं। भारत नेपाल का सबसे बड़ा व्यापारिक, पारगमन और निवेश साझेदार है। नेपाल को भारतीय बाजार में शुल्क मुक्त पहुंच मिली हुई है। भारत नेपाल का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य भी है और नेपाल के कुल निर्यात का लगभग 80 प्रतिशत भारत आता है। नेपाल में कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का करीब एक तिहाई हिस्सा भारत से आता है। भारत ने नेपाल के 74 जिलों में 600 से अधिक सामुदायिक विकास परियोजनाएं पूरी की हैं। इनकी कुल लागत नेपाली मुद्रा में 1,662 करोड़ रुपये से अधिक है। दोनों देशों के बीच सीमा पार रेल लाइन, पेट्रोलियम पाइपलाइन और एकीकृत जांच चौकियां भी प्रमुख संपर्क परियोजनाओं में शामिल हैं।

खड़े ट्रक में घुसी तेज रफ्तार स्विफ्ट कार, चार लोगों की मौत

मथुरा | हमारे संवाददाता

मथुरा के चौमुहां थाना क्षेत्र में दिल्ली-आगरा हाईवे पर सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ। सनसिटी के सामने हाईवे किनारे खड़े एक ट्रक में तेज रफ्तार स्विफ्ट कार पीछे से घुस गई। इस दुर्घटना में कार सवार सात लोगों में से चार की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। घायलों में से एक की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कार ट्रक में बुरी तरह फंस गई थी, जिसे बाद में बाहर निकाला गया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

श्रद्धालुओं की बस पलटी, पति-पत्नी की मौत

गुजरात। गिरिडीह जिले के प्रसिद्ध जैन तीर्थस्थल पारसनाथ से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की बस मधुबन के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। इस भीषण सड़क हादसे में सूरत निवासी पति-पत्नी की मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। दुर्घटना बीती रात हुई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया। मिली जानकारी के अनुसार, गुजरात के सूरत से करीब 50 जैन श्रद्धालु पारसनाथ में दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए आए थे। दर्शन के बाद सभी श्रद्धालु बस से टाटानगर रेलवे स्टेशन जा रहे थे।



विस चुनाव से पहले ऊधमसिंह नगर पुलिस में फेरबदल, 12 को नई जिम्मेदारी

रुद्रपुर | हमारे संवाददाता

विधानसभा निर्वाचन-2027 की तैयारियों के बीच ऊधम सिंह नगर पुलिस महकमे में उपनिरीक्षकों के तबादलों से चौकियों की कमान में बड़ा फेरबदल किया गया है। एसएसपी अजय गणपति ने तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण आदेश जारी करते हुए 12 उपनिरीक्षकों को नई जिम्मेदारी सौंपी है। इसके साथ ही आठ चौकी प्रभारियों को वर्तमान तैनाती से हटाकर दूसरे थानों और पुलिस कार्यालय भेजा गया है।

आदेश के तहत विजय सिंह बोहरा को रुद्रपुर बाजार चौकी, नवीन चंद जोशी को आदर्श कॉलोनी, संदीप शर्मा को दरऊ, मोहन चंद जोशी को प्रतापपुर और धीरज टम्टा को झनकट चौकी की जिम्मेदारी दी गई है। अशोक कुमार को टांडा ऊर्जैन, प्रदीप भट्ट को सूतमील, हरविंदर सिंह को बरा, संजय विश्वकर्मा को शक्तिफार्म, हेमचंद्र तिवारी को मंडी, अरविंद बहुगुणा को पैंगा और सौरभ भारती को लालपुर चौकी प्रभारी बनाया गया है। वहीं, महेश कांडपाल को चुनाव सेल, राजेंद्र प्रसाद को ट्रांजिट कैंप, धीरज लाल वर्मा को बाजपुर, किशोर पंत को जसपुर और जगदीश तिवारी को काशीपुर भेजा गया है। एसएसपी ने संबंधित थाना प्रभारियों को स्थानांतरित उपनिरीक्षकों को तत्काल नई तैनाती पर रवाना करने के निर्देश दिए हैं।

किशोरी लापता, बेटी की तलाश में भटक रही मां

हल्द्वानी। शहर में किशोरियों और युवतियों के अचानक लापता होने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। मुखानी क्षेत्र से किशोरी लापता होने से परिवार परेशान है। रविवार की सुबह घर से गायब हुई किशोरी का अब तक पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिलने पर मां ने थाना मुखानी में गुमशुदगी दर्ज कराई है। रेशम बाग, गैस गोदाम रोड निवासी इशबती देवी पत्नी शम्भू शाह ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी इच्छा रविवार की सुबह से लापता है। अचानक बेटी के गायब होने से परिवार के लोग परेशान हैं। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस से उसकी खोजबीन करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने की गुहार लगाई गई।

सीएम के बिंदुखत्ता दौरे के दिन कॉलोनियों की बिजली गुल

हल्द्वानी/लालकुआं | हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को बिंदुखत्ता में कार्यक्रम में शामिल होने पहुंच रहे हैं, लेकिन इधर ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से बिजली कटौती लोगों की परेशानी बढ़ाएगी।

ऊर्जा निगम ने नए बिजलीघरों से संबंधित निर्माण और लाइन अनुरक्षण कार्य के चलते पांच घंटे का शटडाउन घोषित किया है। इससे 30 से अधिक गांवों और 50 से ज्यादा कॉलोनियों की बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की संभावना है। हजारों लोगों को दिन के बड़े हिस्से में बिजली के बिना रहना पड़ेगा। ऊर्जा निगम ग्रामीण डिवीजन के मुताबिक इहरिया आईटीआई और जयपुर पाडली में निर्माणाधीन बिजलीघरों के लिए 33 केवी लाइन खींचने, अनुरक्षण, डीटीआर मीटरिंग और कंडक्टर बदलने का काम किया जाएगा। इसके चलते सोमवार सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक विभिन्न फीडरों से जुड़े इलाकों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

शटडाउन से फूलचौड़, कमलुवागांजा, कठघरिया, टीपीनगर, आईटीआई, संगम विहार, लामाचौड़, फतेहपुर, बसानी, जज फार्म, ईको टाउन, खत्ता फार्म समेत कई क्षेत्रों की बिजली प्रभावित होगी। कुसुमखेड़ा, फतेहपुर, बसानी, जज फार्म, ईको टाउन और देवलचौड़ समेत 30 से अधिक गांवों व 50 से ज्यादा कॉलोनियों में बिजली गुल रहने का असर पड़ेगा। अनुमानित 30 से 60 हजार की आबादी इस कटौती से प्रभावित हो सकती है। ऊर्जा निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता एसके गुप्ता के अनुसार, नए बिजलीघरों के निर्माण और संबंधित कार्य पूरा होने के बाद ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बेहतर होगी। इसी क्रम में 21, 23 और 25 नवंबर को अलग-अलग क्षेत्रों में शटडाउन निर्धारित किया गया है। सोमवार को फूलचौड़, कमलुवागांजा, कठघरिया, टीपीनगर और आईटीआई क्षेत्र प्रभावित रहेंगे, जबकि 25 नवंबर को कमलुवागांजा, कठघरिया और फूलचौड़ से जुड़े क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। मुख्यमंत्री के जिले में आगमन के दिन ही ग्रामीण क्षेत्रों में लंबी बिजली कटौती को लेकर लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि निर्माण और अनुरक्षण कार्य के लिए शटडाउन जरूरी था तो कार्यक्रम के दिन का चयन टाला जा सकता था, अथवा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम वाले क्षेत्र को कटौती से अलग रखा जा सकता था।

खन्स्यू में बहुउद्देशीय जागरूकता शिविर का आयोजन

न्याय की सार्थकता तभी जब वह अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचेः न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज तिवारी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नैनीताल जिले के तहसील खन्स्यू के प्रांगण में बहुउद्देशीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इससे पूर्व शिविर का शुभारंभ हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एवम् कार्यपालक अध्यक्ष उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज तिवारी द्वारा दीप जलाकर किया। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की पहचान केवल इसके सुंदर पर्वतों और प्राकृतिक सौंदर्य से नहीं बल्कि यहाँ के लोगों की मेहनत, सादगी, आत्मसम्मान और संघर्षशीलता से भी है। पहाड़ का जीवन अपने आप में अनेक चुनौतियों से भरा है। हमारी माताएं, बहनें कठिन परिस्थितियों में परिवार और समाज की जिमेदारियां निभाती हैं जबकि बच्चे सीमित संसाधनों में सपनों को साकार करने का प्रयास करते हैं और युवा बेहतर अवसरों की तलाश में गाँव से दूर जाते हैं। ऐसी परिस्थितियों में हमारा दायित्व है कि भौगोलिक दूरी अथवा आर्थिक अभाव किसी भी व्यक्ति को उसके अधिकारों और न्याय से वंचित न



कर सके। न्याय की वास्तविक सार्थकता तभी है जब वह समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि अकसर समाज में व्यक्ति अन्याय का सामना तो करता है लेकिन उसे जानकारी नहीं होती कि उसके अधिकार क्या हैं? और सहायता के लिए कहां जाना है। कोई महिला घरेलू हिंसा का सामना करती है कोई बुजुर्ग अपनी संपत्ति अथवा पेंशन के अधिकार से वंचित रहता है कोई श्रमिक अपने परिश्रम के लिए संघर्ष कर रहा होता है या किसी बच्चे के अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है, इन सभी के निराकरण के लिए विधिक जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। कानून की जानकारी केवल पुस्तकों और न्यायालयों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, यह जानकारी दूरस्थ क्षेत्र के प्रत्येक परिवार, प्रत्येक महिलाए प्रत्येक युवा और जरूरतमंद तक पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा समाज को जागरूकता की दिशा में ग्राम प्रधानों, गुरुजनों, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वयं सहायता समूह और पैरा लीगल वॉलंटियर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मातृशक्ति और युवाओं से आग्रह किया गया कि वे योजनाओं का संदेश अपने गांव और परिवारों तक जरूर पहुंचाएं। कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका केवल न्यायालय में अधिवक्ता मुहैया कराना नहीं है। हमारा दायित्व है कि हम जरूरतमंद व्यक्तियों को उनके अधिकारों, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं व विधिक सहायता और न्याय प्राप्त करने के माध्यमों से जोड़ें। इस मौके पर न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल व आलोक मेहरा ने कहा कि ज्ञान और न्याय ही एक सशक्त समाज की नींव है।

उन्होंने कहा कि नागरिकों को उनके मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों एवं सरकार और विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मुहैया कराई जा रही निःशुल्क विधिक सेवाओं के बारे में जागरूक करना है क्योंकि आज भी अधिकांश लोगों को यह पता नहीं है कि कानूनी समस्या होने पर उन्हें कहां जाना चाहिए,इस दौरान जिला जज प्रशांत जोशी, रजिस्ट्रार जनरल केके शुकला, ब्लॉक प्रमुख केडी रुवाली, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, सीडीओ अरविंद कुमार पाण्डेय सहित अन्य न्यायाधीश पैरालीगल वालंटियर व जिला स्तरीय अधिकारी व जनता उपस्थित थी।

विभिन्न विभागों ने की जरुरतमंदों की मदद

नैनीताल। उद्यान विभाग ने कृषकों को दवाईयां एवं बीज वितरित किए जबकि कृषि विभाग द्वारा 12 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की वहीं 20 किसानों की किसान सम्मान निधि की केवाईसी की गई। आयुर्वेदिक विभाग द्वारा 125 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण व दवाई वितरित की गई जबकि चिकित्सा विभाग द्वारा 103 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए निःशुल्क दवाई वितरित की गई तथा 9 व्यक्तियों का दिव्यांग सर्टिफिकेट जारी किए गए वहीं पशुपालन विभाग द्वारा 24 कृषकों को पशुओं के रोग से संबंधित दवाई वितरित की गई जबकि जिला प्रोबेशन विभाग द्वारा 4 महिलाओं को विधवा पेंशन तथा 4 महिलाओं की केवाईसी की गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा 10 लोगो की केवाईसी की गई राजस्व विभाग द्वारा 3 लोगो के दाखिल खारिज किए गए तथा एक मामला विरासतन का दर्ज किया गया वहीं पुलिस साइबर सेल द्वारा 45 लोगों को साइबर ठगी के संबंध में जानकारी दी गई। पंचायतीराज विभाग द्वारा 9 लोगों के जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र जबकि 11 व्यक्तियों को परिवार रजिस्टर की नकल जारी की गई, ग्रामय विकास विभाग द्वारा 9 लोगों को बीपीएल क्रमांक जारी किया गया।



श्री गुरुनानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व पर निकाली प्रभात फेरी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व के अवसर पर रविवार को दूसरे दिन भी नैनीताल में प्रभातफेरी निकाली गई जिसमें सिख समुदाय के लोगों ने शिरकत की। प्रभातफेरी सुबह 5:30 बजे तल्लीताल रिक्शा स्टैंड से शुरू होकर मल्लीताल गुरुद्वारा साहिब पहुंची।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के महासचिव अमरप्रीत सिंह ने बताया कि प्रकाश पर्व के मौके पर नैनीताल में 21 से लेकर 23 नवंबर तक तीन दिवसीय प्रभातफेरी निकाली जा रही है जिसमें संगत शबद,कीर्तन करते हुए शामिल हुई। बताया कि 24नवंबर (मंगलवार) को प्रकाश पर्व के अवसर पर सुबह से ही गुरुद्वारे में विशेष दीवान सजाया जाएगा। इसमें कीर्तन और कथा के माध्यम से गुरु नानक देव जी के जीवन तथा उनकी शिक्षाओं और मानवता के प्रति दिए गए संदेशों का वर्णन किया जाएगा। इसके बाद गुरु का लंगर बरताया जाएगा। उन्होंने संगत और नगरवासियों से प्रकाश पर्व के कार्यक्रमों में शामिल होकर गुरु का आशीर्वाद लेने का आग्रह किया है।प्रभात फेरी के दौरान सभा अध्यक्ष जोगिंदर सिंह समेत महासचिव अमरप्रीत सिंह समेत संदीप सिंह, जसमीत सिंह, जसपाल सिंह, अमरजीत सिंह, गगनदीप सिंह, रविन्द्र सिंह तथा गुरप्रीत सिंह आदि कई सिख समुदाय के लोग मौजूद रहे।

शाहनवाज खान बने अंजुमन इस्लामियां कमेटी नैनीताल के सदर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

अंजुमन इस्लामियाँ कमेटी नैनीताल के चुनाव में विजयी 23 सदस्यों को रविवार को रजा कलब में हलफ बरदारी कराई गई, जिसमें अंजुमन इस्लामियाँ के चुनाव अधिकारी अब्दुल हमीद ने हलफ दिलवाई और कमेटी बनाने की दावत दी।

उसके बाद सभी सदस्यों ने सदर का इंतिखाब किया जिसमें शाहनवाज खान को नई कमेटी का सदर का नाम के लिए शानू अहमद ने पेश किया और सभी मेंबरों ने ताहिद किया और आम रजामंदी से शाहनवाज खान को इस बार का सदर बनाया गया और आगे की कार्यकारणी अगली मीटिंग मे कमेटी खुद तय करेंगी। इस हलफ बरदारी मे कमेटी के मेंबर समीर अली, अबदुल वाहिद, अब्दुल हसीन, आसिफ बक्श, फैसल खान, फिरोज खान, मोहम्मद फईम, शाहनवाज खान, सलमान हुसैन, मोहम्द इब्राहिम, कलीम उल्लह, शानू अहमद, मोहम्द उवेश, युहैब अहमद सिद्दीकी, दानिश लईक सिद्दीकी, मेहमूद अली, मोहम्द ताहिर, मोहम्द असीम, रशीद आरिफ सिद्दीकी, मोहम्द कय्यूम,मोहम्द नफीस, मोहम्द फारूक, एतात हुसैन शामिल हुए। हलफ बरदारी में चुनाव कमेटी के चुनाव कमिश्नर सहायक चुनाव अधिकारी नाजिम बक्श, चुनाव अधिकारी मोहम्द नसीम, मोहम्मद फैसल,काशिफ जाफ री,कनक प्रभात, कंचन,हमजा, अहंम, आरिफ हुसैन, मोहम्द शाहिद, अरशद अली तथा आजमीन आदि लोग शामिल हुए।



NEWS / फटाफट

नैनीताल में बिष्ट स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारी

नैनीताल । नैनीताल के ऐतिहासिक फलैट्स मैदान में फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन के बाद अब क्रिकेट का रोमांच शुरू होने जा रहा है। बता दें डीएसए व एनटीजी की ओर से कुंवर पृथ्वीराज सिंह बिष्ट स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर मैदान में पिच तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। क्रिकेट सचिव रवि प्रकाश जोशी के मुताबिक प्रतियोगिता 5 दिसंबर (शनिवार) से शुरू होने की उम्मीद है। इसके लिए टीमों के प्रवेश की अंतिम तिथि 30 नवंबर (सोमवार) निर्धारित की गई है प्रतियोगिता में हर वर्ष 50 से अधिक टीमें प्रतिभाग करती हैं। इस बार भी बड़ी संख्या में टीमों के शामिल होने की उममीद है। प्रतियोगिता में इच्छुक टीमें क्रिकेट सचिव रवि प्रकाश जोशी व डीएसए कार्यालय में संपर्क कर अपना प्रवेश करा सकती हैं। दूसरी ओर प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह बना हुआ है।

बिना हेलमेट बाइक दौड़ाने वाले नैनीताल में 15 चालक नपे

नैनीताल । नैनीताल में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मल्लीताल कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर 15 बाइक सवारों के चालान किए, दूसरी ओर ओवरलोडिंग मिलने पर केमू की एक बस के चालक के खिलाफ भी चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस कप्तान मंजू नाथ टीसी के निर्देश पर रविवार को कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मल्लीताल और सूखाताल क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। मल्लीताल में बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले 15 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पुलिस की सख्ती से बाइक सवारों में हड ?प मचा रहा,वहीं सूखाताल क्षेत्र में केमू की बसों की चेकिंग के दौरान एक बस में निर्धारित क्षमता से दो अधिक सवारियां मिलीं। इस पर बस चालक के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई।कोतवाल राजेंद्र रावत ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

भूमियाधार में 101 परिवारों को बांटे कंबल और गर्म कपड़े

नैनीताल। आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस वुमेन्स कलेक्टिव की ओर से रविवार को ग्रामीणों की सहायता एवं सेवा के उद्देश्य से भूमियाधार क्षेत्र में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इसके तहत मल्ल भूमियाधार, तल्ला भूमियाधार, खूपी, अकसोड़ा तथा घटगाड़ और हेराधार के 101 परिवारों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल,गर्म कपड़े, टोपी व मोजे और शॉल वितरित किए गए। कार्यक्रम में बुजुर्गों को विशेष रूप से गर्म शॉल भेंट की गई जबकि प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को ठंड से बचाव के लिए वार्मर दिए गए। इसके अलावा ग्रामीणों की जरूरत को देखते हुए दो स्ट्रेचर भी भेंट किए गए। पहाड़ी क्षेत्र की दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों में आपात स्थिति के दौरान मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने में स्ट्रेचर मददगार साबित होंगे। संस्था सदस्यों ने कहा कि सेवा कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के साथ समाज में सहयोग, करुणा और अपनत्व की भावना मजबूत करना है। कार्यक्रम में हैप्पीनेस वुमेन्स कलेक्टिव की रेश्मा टंडन, सुनीता वर्मा, कविता गंगोला, संगीता साह व मंजू नेगी समेत अनेक सदस्य मौजूद रहे। संस्था ने ग्राम प्रधान मीनाक्षी टमटा सहित सहयोगियों का आभार जताया।

जोश के साथ बागेश्वर से रवाना हुई साइकिल रैली

बागेश्वर। अल्टीमेट उत्तराखंड हिमालयन एमटीबी चैलेंज-2026 की साइकिल रेस रविवार को बागेश्वर से अगले पड़ाव के लिए रवाना हुई। इसमें 18 राज्यों के 80 साइकिलिस्ट शामिल हैं। देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागी कठिन पहाड़ी रास्तों को पार कर मसूरी तक पहुंचेंगे। ऐतिहासिक नुमाइशखेत मैदान से जिला पर्यटन अधिकारी पीके गौतम ने रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुक्तेश्वर से हुआ था। इसके बाद साइक्लिस्ट पिथौरागढ़ होते हुए बागेश्वर पहुंचे। यहां से वे तिलवाड़ा होते हुए मसूरी के लिए रवाना हुए, जहां प्रतियोगिता का समापन होगा। प्रतियोगिता में करीब 20 लाख रुपये की पुरस्कार राशि रखी गई है।

नयना देवी मंदिर गेट के सामने पार्किंग से बिगड़ रही सुंदरता

नैनीताल

हमारे संवाददाता

पंत पार्क में लाखों रुपये की लागत से नयना देवी मंदिर का भव्य प्रवेश द्वार बनाए जाने के बाद भी उसके सामने वाहनों की पार्किंग से इसकी सुंदरता प्रभावित हो रही है। गेट के ठीक सामने वाहन खड़े होने और बेरिकेडिंग लगाए जाने से न केवल द्वार की भव्यता दब रही है बल्कि स्थानीय लोगों और राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में आजाद मंच ने जिला प्रशासन की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए वाहनों की पार्किंग अन्यत्र कराने की मांग की है।

आजाद मंच और स्थानीय लोगों का कहना है कि लाखों रुपये खर्च कर तैयार किए गए भव्य द्वार के सामने वाहनों का जमावड़ा इसकी सुंदरता पर दाग लगा रहा है। द्वार के सामने लगाई जाने वाली बेरिकेडिंग भी देखने में अव्यवस्थित लगती है। लोगों का कहना है कि ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाले स्थल की सुंदरता बनाए रखने के लिए पार्किंग और यातायात व्यवस्था बेहतर तरीके से नियोजित होनी चाहिए। आजाद मंच ने जिला प्रशासन से मांग की है कि गेट के सामने वाहनों को खड़ा न होने दिया जाए और पार्किंग के लिए वैकल्पिक स्थान निर्धारित किया जाए साथ ही बेरिकेडिंग के स्थान पर ऐसी व्यवस्था की जाए, जिससे अनावश्यक वाहनों का आवागमन रोका जा सके और द्वार की भव्यता भी प्रभावित न हो। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र रावत ने बताया कि सड़क या गेट के सामने पार्क होने वाले वाहनों को हटवाया जाएगा।

सवाल

- आजाद मंच ने उठाए सवाल आखिर किसकी अनुमति से पार्क हो रहे वाहन गेट के सामने

सैनिक स्कूल में आज होगा पूर्व विद्यार्थी मिलन समारोह

नैनीताल । नैनीताल के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में पूर्व विद्यार्थी मिलन समारोह का विशेष आयोजन सोमवार (आज) को किया जा रहा है,जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

स्कूल के प्रबंधक ज्योति प्रकाश के मुताबिक समारोह सोमवार (आज) सुबह ठीक 11 बजे से शुरु हो जाएगा। इस विशेष आयोजन में देश -विदेश में कार्यरत इस स्कूल से पढे 112 पूर्व विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं, जिनमें कई प्रशासनिक सेवा में कार्यरत समेत कई उद्योगपति तथा व्यवसायी तथा विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत पूर्व विद्यार्थी शामिल हैं। इस आयोजन में आनलाइन पंजीकृत पूर्व छात्र ही शामिल किये गये हैं। इस आयोजन का मुख्य मकसद स्कूल के पूर्व विद्यार्थियों की स्कूल की पुरानी यादों को ताजा करना तथा विद्यालय की पूर्व विद्यार्थी संगठन की नई कार्यकारणी का गठन भी किया जायेगा ।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

अभिमत

स्वीकार करें चुनौती

जिस उद्देश्य से राज्य का गठन किया गया था, वह बहुत पीछे छूट गया। रोजगार की तलाश में पलायन रुका नहीं तथा पर्वतीय क्षेत्र के पुश्तैनी लोगों द्वारा जमीन बेचकर मैदानी जिलों में बसने से नई समस्या उत्पन्न हो गई। राज्य गठन की रजत जयंती पर मंथन के दौरान स्पष्ट कहा गया कि पहाड़ पर जमीन बेचने वालों को रोकने की चुनौती उस क्षेत्र के विधायक को स्वीकार करनी होगी। यह काम असंभव नहीं तो कठिन अवश्य है। कटु सत्य यह है कि नेता स्वयं पहाड़ से पलायन कर रहे हैं।

पर्वतीय क्षेत्र के पिछड़ा होने को लेकर पृथक राज्य के गठन के लिए वर्षों तक आंदोलन किया गया। दलील दी गई कि बड़े राज्य का हिस्सा होने के कारण उत्तर प्रदेश सरकार पर्वतीय क्षेत्र पर पूरी तरह ध्यान नहीं देती है। वर्ष 1994 में बच्चे से लेकर वृद्ध तक राज्य आंदोलन में सड़कों पर उतर पड़े। कई महीनों तक सरकारी कार्यालय, स्कूल और व्यापारिक गतिविधियां ठप हो गईं। वह आंदोलन किसी राजनीतिक दल का नहीं था, बल्कि जनआंदोलन था। केन्द्र और उत्तर प्रदेश सरकार ने आंदोलनकारियों को आश्वस्त किया और राज्य के गठन की प्रक्रिया शुरू की। नौ नवंबर, 2000 को उत्तराखंड राज्य का गठन कर दिया गया। राज्य के गठन की रजत जयंती पर उपलब्धियां गिनाई गईं, लेकिन जिस उद्देश्य से राज्य का गठन किया गया था, वह बहुत पीछे छूट गया। रोजगार की तलाश में पलायन रुका नहीं तथा पर्वतीय क्षेत्र के पुश्तैनी लोगों द्वारा जमीन बेचकर मैदानी जिलों में बसने से नई समस्या उत्पन्न हो गई। रजत जयंती पर मंथन के दौरान स्पष्ट कहा गया कि पहाड़ पर जमीन बेचने वालों को रोकने की चुनौती उस क्षेत्र के विधायक को स्वीकार करनी होगी। यह काम असंभव नहीं तो कठिन अवश्य है। कटु सत्य यह है कि नेता स्वयं पहाड़ से पलायन कर रहे हैं। पहाड़ से चुनाव जीतने वाले नेता देहरादून, हल्द्वानी, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों में आवास बनाकर रहते हैं। भू-कानून का मुद्दा चुनाव में उछाला जाता है। बाहरी लोगों को पहाड़ पर कब्जे के लिए दोषी ठहराया जाता है। यह सच है कि पहाड़ पर अन्य जगह से पहुंचे लोग दुकान, मकान लेकर कारोबार कर रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि जब बाहर से आया व्यक्ति पहाड़ पर जीविकोपार्जन कर सकता है तो वहां का मूल निवासी क्यों नहीं कर सकता? पर्वतीय क्षेत्र के मूल निवासी शिक्षक, डाक्टर और सरकारी कर्मचारी पहाड़ पर तैनात नहीं होना चाहते हैं। पहाड़ पर चिकित्सालयों में डाक्टर नहीं हैं। सरकारी स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं। सांसद व विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्र में सरकारी योजनाओं के अंतर्गत हो रहे कार्यों का निरीक्षण नहीं करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई बार कह चुके हैं कि संसद का सत्र नहीं होने पर सांसद और विधानसभा का सत्र नहीं होने पर विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्र में जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनें और मौके पर समाधान करें। मीडिया में कई बार तंज कसते हुए मतदाता अपने जनप्रतिनिधि के लापता होने की टिप्पणी करते हैं। देवभूमि में अमूल्य प्राकृतिक संपदा है। पहाड़ पिछड़ा नहीं है। प्रकृति के उपहार का सम्मान करने की जरूरत है।

महिला हिंसा के खिलाफ नैनीताल में वॉकथॉन रैली

नैनीताल

हमारे संवाददाता

अखिल भारतीय महिला परिषद ने रविवार को नैनीताल में परिषद के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के खिलाफ वॉकथॉन रैली निकाली।

रैली में मुख्य अतिथि राजकीय बी.डी.पांडे जिला अस्पताल की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा.द्रोपदी गर्बियाल मौजूद रही। रैली में नगर के विभिन्न स्कूलों के 250 बच्चे शामिल हुए। रैली सुबह 9:30 बजे फ्लैट्स मैदान से शुरू हुई जो माल रोड स्थित पालिका पुस्तकालय पर जाकर समाप्त हुई। इस दौरान कुमाऊं यूनिवर्सिटी के शिक्षा संकाय के छात्र छात्राओं ने महिलाओं के विरुद्ध हिंसा विषय पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसने दर्शकों को बहुत कुछ सोचने पर मजबूर कर दिया दूसरी ओर भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के छात्रों ने देवभूमि उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता पारंपरिक छोलिया नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने मधुर कुमाऊंनी गीतों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में स्थानीय संस्कृति की महक बिखेरी दी। इस मौके



पर परिषद की सचिव प्रीति शर्मा ने मुख्य अतिथि और अन्य सभी लोगों का स्वागत किया,परिषद की स्टैडिंग कमेटी मैंबर मंजु कोटोलिया ने कहा कि परिषद 100 वर्षों से महिलाओं के अधिकारों, शिक्षा और सुरक्षा के लिए कार्य कर रही है। कहा कि शताब्दी वर्ष में संस्था ने संकल्प लिया है कि महिलाओं के विरुद्ध किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रैली को सफल बनाने में एशडेल स्कूल सुखाताल, मोहन लाल साह बालिका विद्यालय,सीआरएसटी विद्यालय का भी बहुत सहयोग रहा। रैली में पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल, होटल व रैस्टोरैंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिगविजय सिंह बिष्ट, परिषद की अध्यक्ष मुन्नी तिवारी समेत मंजू कोटलिया, प्रीति शर्मा, नंदनी पंत, मीनू बुदलाकोटी, दया बिष्ट, पार्वती मेहरा, रेखा त्रिवेदी, प्रो.हेमा बिष्ट, प्रो.नीता बोरा शर्मा, रेखा पंत, आफरीन, डा.मनोज सिंह बिष्ट, प्रियंका, कासिफ जाफरी, वीना यादव, गीता तिवारी, गीता बिष्ट, जितेंद्र भट्ट, तारा जोशी, नीता भाकुनी, दिव्या,नीलू एलहैंस, आशा शर्मा,गीता पांडे, चंचला बिष्ट, राकेश,तारा बोरा,कमल जोशी, जीतेंद्र, परिषद की धवाली शाखा की अध्यक्ष खाष्टी बिष्ट आदि मौजूद रहे।

पदोन्नति वेतनमान को लेकर 27 को निकलेगी विशाल रैली

नैनीताल। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय आह्वान पर 27 नवंबर को पदोन्नति व पूर्व की भाँति 10,16 तथा 26 एसीपी की मांग को लेकर आयोजित होने वाली विशाल रैली को सफल बनाने के लिए जनपद शाखा नैनीताल द्वारा रविवार को बर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में रैली की तैयारियोंए कर्मचारियों की भागीदारी और जनपद से अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारियों को रैली में पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने बताया कि प्रदेश में कर्मचारियों को लंबे समय से पदोन्नति वेतनमान का लाभ नहीं मिल पा रहा है जिससे कर्मचारियों को अत्यधिक मानसिक एवं आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं लेकिन पदोन्नति वेतनमान न मिलने से उनमें असंतोष बढ़ता जा रहा है। आगामी 27 नवंबर को जनपद नैनीताल से बड़ी संख्या में कर्मचारी रैली में प्रतिभाग करेंगे और अपनी मांग को मजबूती से रखेंगे।

कुविवि के वीसी प्रो.बिष्ट ने 4 डिग्री कालेजों का किया निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर नाराजगी

नैनीताल

हमारे संवाददाता



कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट एवं कुलसचिव प्रो. रीतेश साह ने विश्वविद्यालय से संबद्ध चार महाविद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का मकसद महाविद्यालयों में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं, अभिलेखों तथा निर्धारित मानकों के अनुपालन की वास्तविक स्थिति का जायजा लेना था।

निरीक्षण के दौरान जसपुर स्थित हरदेव सिंह स्मारक लॉ कॉलेज, एनएस गेहलोत मेमोरियल लॉ कॉलेज, साई शिक्षण संस्थान तथा एलबीएस बीएड कॉलेज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं में पाई गई कमियों एवं अभिलेखों के रखरखाव में अव्यवस्थाओं पर कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने गंभीर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि संबद्ध महाविद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता प्रशासनिक पारदर्शिता, आधारभूत सुविधाओं तथा निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करना अनिवार्य है। महाविद्यालयों में पाई गई अव्यवस्थाओं को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने संबंधित संस्थानों को तत्काल कमियों को दूर करने के निर्देश दिए।

कुलपति ने निर्देशित किया कि निरीक्षण के दौरान इंगित की गई कमियों का समयबद्ध निराकरण किया जाए तथा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रपत्रों एवं अपेक्षित अभिलेखों को सभी आवश्यक सुधारों के साथ सुव्यवस्थित रूप में प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संबद्धता प्राप्त महाविद्यालयों की जिमेदारी केवल पाठ्यक्रम संचालित करने तक सीमित नहीं है बल्कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उचित शैक्षणिक वातावरण एवं आवश्यक संस्थागत सुविधाएं मुहैया कराना भी उनकी अनिवार्य जिमेदारी है।कुलपति ने कहा कि संबद्ध महाविद्यालयों की कार्यप्रणाली में अपेक्षित सुधार तथा निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निरीक्षण एवं समीक्षा की प्रक्रिया आगे भी जारी रखी जाएगी।

कुलसचिव प्रो. रीतेश साह बताया कि कुलपति कुमाऊँ विश्वविद्यालय के आदेशों के क्रम में महाविद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं, नियमों एवं प्रपत्रों के अनुरूप सभी अभिलेख एवं सूचनाएं प्रस्तुत करें तथा निरीक्षण में इंगित कमियों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करें।

फिल्मी दुनिया


अहान पांडे और अनीत पड्डा: कैमरों से बचते दिखे सैयारा स्टार्स



फिल्म सैयारा के बाद से ही अहान पांडे और अनीत पड्डा के रिलेशनशिप में होने की चर्चाएं जारी हैं। फिल्म में दोनों कपल के तौर पर नजर आए थे। अब इसके बाद दोनों एक्टर्स एयरपोर्ट पर स्पॉट किए गए। इसके बाद दोनों सोशल मीडिया पर सुर्खियों में आ गए हैं।

वीडियो में दोनों एक्टर्स को जल्दी-जल्दी चलते हुए देखा गया, जहां उन्होंने अपने चेहरे मास्क और हाथों से ढक रखे थे ताकि कैमरों से बच सकें। अनीत पड्डा ने इस दौरान क्रॉप टॉप और कैशुअल पैंट पहनी हुई थी, जबकि अहान व्हाइट टी शर्ट, हुडी और जींस में नजर आए। दोनों ने मास्क भी लगाया हुआ था। जैसे ही पैपराजी ने उन्हें घेरा, दोनों थोड़े असहज नजर आए और बिना ज्यादा रुकावट के आगे बढ़ते दिखे।

वीडियो सामने आते ही फैंस के बीच हलचल मच गई। कई लोगों ने दोनों की जोड़ी को लेकर एक्साइटमेंट जताई, वहीं कुछ ने कहा कि नए स्टार्स होने की वजह से वे अभी पब्लिक अपीयरेंस में सहज नहीं हैं।



एक्टर्स का वर्कफ्रंट

फिल्म 'सैयारा' की सफलता के बाद दोनों लगातार सुर्खियों में हैं। बता दें कि बॉलीवुड अभिनेता अहान पांडे की नई फिल्म का ऐलान हो गया है। वह अली अब्बास जफर की फिल्म में शरवरी के साथ दिखाई देंगे। वहीं अनीत पड्डा मैडॉक स्टूडियोज की अगली फिल्म शक्ति शालिनी में नजर आएंगी, जो इसी साल दिसंबर में रिलीज हो सकती है।

आईएमएस यूनिसन यूनिवर्सिटी में हाफ मैराथन एवं वॉकथॉन का आयोजन

देहरादून/नैनीताल

हमारे संवाददाता

आईएमएस यूनिसन यूनिवर्सिटी देहरादून में शनिवार को विद्यार्थियों के लिए हाफ मैराथन एवं वॉकथॉन का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया।

बता दें यह आयोजन सरकार द्वारा संचालित नशामुक्ति अभियान के तहत किया गयाए जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।कार्यक्रम की शुरुआत पंजीकरण एवं वार्मअप सत्र से हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई जिसमें उन्होंने स्वयं नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इसके बाद विश्वविद्यालय के कुलपति ने हरी झंडी दिखाकर हाफ मैराथन एवं वॉकथॉन का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशामुक्त समाज का संदेश दिया। हाफ मैराथन प्रतियोगिता में छात्र एवं छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्रों में शोभित कुमार ने प्रथम जबकि अभय रावत एवं पारस ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा देवाशीष, इभानन व ओम श्री हरि और फैकल्टी सदस्य शुभम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं छात्राओं में सबी ने प्रथम, संस्कृति एवं नैना ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा तन्वी कशिश व रशिका एवं प्रिया ने तृतीय स्थान हासिल किया।



News कॉर्नर

कोतवाली बुलाने से नाराज टेलीकॉम टावर पर चढ़ी महिला, मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर। बेटे को पूछताछ के लिए कोतवाली बुलाने से नाराज होकर टेलीकॉम कंपनी के टावर पर चढ़ने वाली महिला के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मूल रूप से बागेश्वर और वर्तमान में दिनेशपुर निवासी रेखा गोस्वामी के खिलाफ बीएनएस की धारा 226 और 285 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

एसएसआई खुशवंत सिंह की तहरीर पर प्राथमिकी की गई है। बता दें कि रविवार शाम रुद्रपुर के त्रिशूल चौक के पास रेखा गोस्वामी टेलीकॉम कंपनी के टावर पर चढ़ गई थी। महिला के बेटे पर एक किशोरी से छेड़छाड़ का आरोप है। शिकायत के बाद दिनेशपुर पुलिस ने पूछताछ के लिए उसके बेटे को कोतवाली बुलाया था। इसी बात से नाराज होकर महिला ने टावर पर चढ़कर पुलिस पर दबाव बनाने का प्रयास किया था।

स्टेट हाईवे पर प्लांट संचालकों का कब्जा, डंपरों ने रोकी राह

अल्मोड़ा। मचूला-डोटियाल स्टेट हाईवे-52 पर झिमार के नजदीक हॉटमिक्स प्लांट संचालक की कथित मनमानी से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। सड़क पर बजरी, रोड़ी और रेत फैलाकर रखी जा रही है, जबकि भारी डंपरों की कतारें हाईवे के दोनों ओर खड़ी रहती हैं। इससे सड़क संकरी हो गई है और वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने इससे हादसों का खतरा बढ़ने की बात कही है। सड़क पर फैली निर्माण सामग्री और बेतरतीब खड़े डंपरों के कारण दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, बजरी और रोड़ी पर फिसलने से कई दोपहिया वाहन चालक चोटिल हो चुके हैं।

गैरसैंण राजधानी की मांग को बुद्धपार्क में आंदोलन तेज, 26 दिन से क्रमिक अनशन जारी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



गैरसैंण को उत्तराखंड की स्थायी राजधानी घोषित करने की मांग को लेकर बुद्धपार्क में चल रहा आंदोलन अब लगातार जोर पकड़ रहा है। 18 अक्टूबर से जारी अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन के तहत सोमवार को समाजसेवी संतोष नेगी अनशन पर बैठे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ऐसा राज्य है, जिसे हासिल करने के लिए 43 लोगों ने शहादत दी और दशकों तक आंदोलन चला, लेकिन राज्य गठन के बाद भी हालात अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं बदले। उन्होंने राज्यवासियों से अपने अधिकारों और प्रदेश के भविष्य के लिए फिर एकजुट होने का आह्वान किया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पहाड़ी आर्मी अध्यक्ष हरीश रावत ने कहा कि पिछले 26 दिनों से राज्य के विभिन्न हिस्सों से लोग हल्द्वानी बुद्धपार्क पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दे रहे हैं और क्रमिक अनशन में भागीदारी कर रहे हैं। लगातार मिल रहे समर्थन से आंदोलनकारियों में उम्मीद जगी है कि गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाने की लड़ाई निर्णायक मुकाम तक पहुंचेगी। आंदोलन के समर्थन में पहुंचे उत्तराखंड क्रांति दल सैनिक प्रकोष्ठ के महामंत्री कैप्टन महेश तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड का गठन पहाड़ के अस्तित्व, अस्मिता और संस्कृति की रक्षा के लिए हुआ था, मगर राज्य गठन के वर्षों बाद भी स्थायी राजधानी का मुद्दा अनसुलझा है। उन्होंने कहा कि पहाड़ के खेत, किसान, गांव और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाना जरूरी है। राज्य आंदोलनकारियों और शहीदों के सपनों को अब और अधूरा नहीं छोड़ा जाना चाहिए। आंदोलनकारियों ने कहा कि प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से लोग हल्द्वानी पहुंचकर इस संघर्ष में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से आंदोलन का हिस्सा बनने की अपील करते हुए कहा कि पहाड़ की पहचान, पलायन, रोजगार और पर्वतीय क्षेत्रों के विकास जैसे मुद्दों पर सभी वर्गों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। इस दौरान गोपाल दत्त कमेड़ी, जगदीश ममगई, प्रेमा मेल, कविता जीना, नीमा भट्ट, अंजू पांडे, राजेंद्र कांडपाल, आनंद कन्याल, प्रताप चौहान, तारा पांडे, मनोज रावत, देवेंद्र सालाकोट, रजत पाटनी, हिमानी पांडे, ज्योतिष्णा पांडे, कार्तिक दास, विनोद घड़ियाल समेत सैकड़ों आंदोलनकारी मौजूद रहे।

दिनदहाड़े बाइक चोरों का दुस्साहस मुखानी में एक ही दिन दो बाइक पार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर में बाइक चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब भीड़भाड़ वाले इलाकों और दुकानों के बाहर खड़े वाहन भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं। मुखानी क्षेत्र में एक ही दिन दो बाइक चोरी होने से वाहन चोरों की सक्रियता सामने आई है।

एक बाइक मुखानी चौराहे से जजफार्म जाने वाली सड़क पर रौतेला कॉलोनी के पास से उड़ाई गई, जबकि दूसरी चंबल पुल के पास दुकान के बाहर खड़ी सुपर स्प्लेंडर लेकर चोर फरार हो गया। दोनों मामलों में मुखानी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना में गणपति विहार, गोजाजाली निवासी रईस दूल्हा ने पुलिस को बताया कि वह सुबह अपनी बाइक संख्या यूपी22 एएक्स 0692 मुखानी चौराहे से जजफार्म जाने वाली सड़क पर रौतेला कॉलोनी स्थित गीताली बिल्डिंग के पास खड़ी थी। वापस लौटने पर बाइक मौके से गायब मिली। आसपास तलाश करने के बावजूद वाहन का कोई पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने मुखानी कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी

जब चोरों का इससे गुजर ना हुआ तो उन्होंने दूसरी वारदात चंबल पुल के पास वारदात को अंजाम दिया इंद्रानगर निवासी साजिद ने पुलिस को बताया कि उनकी बाइक यूके04 एए 4385 को सुबह टायर रिपेयर प्रतिष्ठान के बाहर खड़ा किया गया था। तो बाइक गायब थी। काफी तलाश करने पर भी वाहन नहीं मिला। मामले में मुखानी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

एक दिन में दो चोरी, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल



एक ही दिन में दो बाइक चोरी की घटनाओं ने क्षेत्र में वाहन चोरों की सक्रियता को लेकर चिंता बढ़ा दी है। सुबह दुकान के बाहर खड़ी बाइक गायब हो गई तो कुछ देर बाद दूसरे इलाके से भी वाहन चोरी की शिकायत सामने आई। पुलिस दोनों घटनाओं में आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि चोरों की पहचान कर चोरी हुए वाहनों को बरामद किया जा सके। फिलहाल दोनों बाइक चोरी के मामलों में पुलिस की जांच जारी है, लेकिन दिनदहाड़े हो रही ऐसी वारदातें वाहन स्वामियों की चिंता बढ़ा रही हैं।

जीआईसी चोरलेख में वन्य जीव सप्ताह प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरुस्कृत

धारी

हमारे संवाददाता

राजकीय इंटर कॉलेज चोरलेख में वन विभाग द्वारा वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत पूर्व में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र,छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर वन क्षेत्राधिकारी विजय चंद्र भट्ट एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य धैरव दत्त द्वारा छात्र छात्राओं को वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण तथा उनके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही हिंसक वन्यजीवों जैसे बाघ एवं गुलदार के व्यवहार तथा उनके प्राकृतिक आवास, पहचान तथा उनसे बचाव एवं सुरक्षा के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया विद्यार्थियों को हिंसक वन्यजीव दिखाई देने पर बस्ती जाने वाली सावधानियों, अकेले जंगल एवं सुनसान रास्तों पर न जाने तथा किसी भी वन्यजीव की सूचना तत्काल वन विभाग को देने के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्र छात्राओं को मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथामए वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता एवं पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण में जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया जिसमें वनक्षेत्राधिकारी विजय चंद्र भट्ट, अनुभाग अधिकारी बृजेश बिश्वकर्मा, वन बीट अधिकारी बलवंत सिंह, अभय कुमार तथा वाहन चालक मनोज कैड़ा आदि लोग मौजूद रहे।



सकारात्मक सोच व व्यवहार परिवर्तन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

देहरादून/नैनीताल

हमारे संवाददाता



जिला कारागार देहरादून की ओर से देशभर से आए जिला कारागारों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय सकारात्मक सोच एवं व्यवहार परिवर्तन विषय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर जिला कारागार के जेलर पवन कुमार कोठारी ने डॉ. कंचन नेगी का पौधा भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया कार्यक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षाविद्, समाज सुधारकए सॉफ्ट स्किल्स विशेषज्ञ, मीडिया एवं संचार विशेषज्ञ, लाइफ कोच एवं वरिष्ठ सलाहकार डॉ. कंचन नेगी ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। डॉ. कंचन नेगी उत्तराखंड हेरिटेज स्कूल ऑफ मीडिया एंड एडवांस्ड स्टडीजए एबुलिएंट इंग्लिश इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट तथा एकेडमी ऑफ ब्रिलियंट स्कॉलर्स की संस्थापक एवं निदेशक हैं। उन्होंने तीन दिनों तक चले इस प्रशिक्षण सत्र में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने, व्यवहार में रचनात्मक बदलाव लाने, भावनात्मक संतुलन बनाए रखने, तनाव प्रबंधन, प्रभावी संवाद व टीम भावना तथा कार्यस्थल पर बेहतर समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने उदाहरणों, प्रेरक प्रसंगों, संवादात्मक गतिविधियों एवं व्यावहारिक अभ्यासों के माध्यम से प्रतिभागियों को समझाया कि सकारात्मक सोच न केवल व्यक्ति के व्यक्तिगत जीवन को बेहतर बनाती है बल्कि उसके पेशेवर व्यवहारए निर्णय क्षमता और कार्यकुशलता को भी प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि कारागार व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत संवेदनशील और जिम्मेदारीपूर्ण होती है। ऐसे में धैर्य, संवेदनशीलता तथा सकारात्मक दृष्टिकोण, प्रभावी संचार और व्यवहार कुशलता उनके कार्य को अधिक प्रभावशाली बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कारागार अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारियों एवं व्यावहारिक गतिविधियों को प्रतिभागियों ने उपयोगी बताया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कारागार प्रशासन से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के व्यक्तित्व विकास, सकारात्मक कार्य संस्कृति और व्यवहारगत दक्षता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा।

विद्यार्थियों को स्वगणना को लेकर दी जानकारी

अल्मोड़ा। महाविद्यालय रानीखेत में स्वगणना-2027 के संबंध में विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों को ऑनलाइन स्वगणना की प्रक्रिया, लोकेशन सेटिंग और संबंधित प्रश्नों की जानकारी दी गई। बताया गया कि ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति अपने परिवार का विवरण भरकर एसई नंबर जनरेट कर सकता है, जिसे बाद में जनगणना कर्मी को देना होगा।

तेंदुओं की दस्तक के बाद मनोरा रेंज में वन विभाग अलर्ट मोड में

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल वन प्रभाग के तहत मनोरा वन रेंज के विभिन्न क्षेत्रों में तेंदुओं की सक्रियता सामने आने के बाद वन विभाग सतर्क हो गया है।

बता दें मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने के लिए विभाग की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत लोगों को वन्यजीवों की गतिविधियों के प्रति सतर्क रहने और बचाव के उपाय अपनाने की जानकारी दी जा रही है। मामले में वन क्षेत्राधिकारी नितिन पंत ने बताया कि सर्दियों में सुबह देर से उजाला होने और शाम को जल्दी अंधेरा छाने के कारण वन्यजीवों की सक्रियता बढ़ जाती है। ऐसे में लोगों के जंगलों और आबादी वाले क्षेत्रों के आसपास वन्यजीवों से आमना.सामना होने की आशंका रहती है जिससे संघर्ष की स्थिति पैदा हो सकती है.उन्होंने लोगों से विशेषकर महिलाओं और बच्चों को शाम के समय अकेले जंगल की ओर न जाने की अपील की है। साथ ही घरों के बाहर पर्याप्त रोशनी रखनेए आसपास की झाड़ियों को साफ करने और अनावश्यक रूप से अंधेरे स्थानों पर जाने से बचने की सलाह दी है।वन विभाग की ओर से ग्रामीणों के साथ बैठकें करने के साथ ही विद्यालयों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वन क्षेत्राधिकारी ने लोगों से वन्यजीवों की गतिविधियां दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देने की अपील कीए ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर मानव और वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

वीकेंड पर जागेश्वर धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, पांच हजार से अधिक पहुंचे श्रद्धालु

अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता



देवदार के घने जंगलों के बीच बसे जागेश्वर धाम में वीकेंड पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भगवान जागेश्वर महादेव के दर्शन के लिए शनिवार और रविवार को पांच हजार से अधिक श्रद्धालु धाम पहुंचे। रविवार को तीन हजार से अधिक और शनिवार को दो हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने मंदिरों में दर्शन और पूजा-अर्चना की।

सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गईं। परिवार के साथ पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान महादेव के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। कई श्रद्धालु मन्नत लेकर मंदिर पहुंचे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। दिनभर मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं की आवाजाही से धाम में रौनक बनी रही। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या का असर यातायात व्यवस्था पर भी पड़ा। वाहनों का दबाव बढ़ने से सड़क पर कतारें जागेश्वर के विनायक पुल तक पहुंच गईं। यातायात सुचारु बनाए रखना पुलिस के लिए चुनौती बना रहा। थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत और चौकी प्रभारी कमित जोशी के नेतृत्व में पुलिस और होमगार्ड के जवान दिनभर यातायात व्यवस्था संभालने में जुटे रहे।